55.	697/24 1093/24	जादोपुर	64/24	जादोपुर	Motor Cycle	BR28T-8252	MD625FF1 XH1N25661	FF1NH14 62964	सदाम हुसैन, पे0–मुंशी मियां, सा0– संसारपुर भोरे, था0– भोरे, जि0– गोपालगंज	2018	9186	1838
56.	342/24 541/24	जादोपुर	311/23	जादोपुर	Motor Cycle	BR22BB-1872	ME4JC83DL NG227655	JC83EG3 437638	रंजन कुमार, पे0– बधु मुखिया, सा0– श्यामपुर कोटराहा वार्ड–10, जि0– पश्चिम चम्पारण	2022	30837	6168
57.	346/24 545/24	जादोपुर	308/23	जादोपुर	Motor Cycle	BR55B-0595	MBLJA06AM HGB22501	JA06EJHG B19626	धनंजय कुमार, पे0– सरोज कुमार सिंह, सा0– भलौही, पो0– नया गांव, था0– शिवहर, जि0– शिवहर	2017	7874	1575
58.	951/24 1812/24	गोपालपुर	239/24	गोपालपुर	साईकिल	N/A	N/A	N/A	N/A	N/A	99	20
59.	663/24 1824/24	गोपालपुर	209/24	गोपालपुर	साईकिल	N/A	N/A	N/A	N/A	N/A	99	20
60.	1002/24 1902/24	कुचायकोट	325/24	कुचायकोट	मोटरसाइकिल	BR05F-5761	MD2DSJZZZTPM5 1676	JZUBTM09136	विजय कुमार ,पिता–हरेन्द्र प्रसाद यादव, सा0–रामसिरिया, पो0–मलाही, पूर्वी चम्पारण मोतिहारी	2011	5249	1050
61.	718/24 1142/24	कुचायकोट	199/24	कुचायकोट	मोटरसाइकिल	BR06AQ-9881	MBLJA06AMF9D1 4782	JA06EJF9D14948	संजीव कुमार सिह, पिता–लाल बहादुर सिंह, सा0– रसौली, थाना–पानापुर, जिला–मुजफ्फरपुर	2015	9186	1838
62.	876/24 1680/24	गोपालपुर	139/24	गोपालपुर	मोटरसाइकिल	BR05BC-9952	MBLHAW213PHM 02695	HA11E7PHM048 56	मनोबल कुमार, पिता–नन्दलाल यादव, सा0–यमुनापुर, पो0–सिसवा ककर, थाना–कल्याणपुर, जिला–पूर्वी चम्पारण	2023	26244	5249
63.	877/23 1335/23	यादोपुर	170/23	यादोपुर	मोटरसाइकिल	BR28S-6040	ME4JC58BJGT019 026	JC58ET4324812	विजय कुमार सिंह, पिता–बैधनाथ सिंह, सा0–हिरापाकड़, थाना–यादोपुर, जिला–गोपालगंज	2018	9186	1838
64.	827/24 1425/24	यादोपुर	124/23	यादोपुर	मोटरसाइकिल	BR28K-3134	ME4JC627JET0094 98	JC62ET1090470	तुलसी दता पाण्डेय, पिता–शशि भुषण पाण्डेय, सा0–भी0एम0 फिल्ड हजियापुर वार्ड नं0–10, गोपालगंज	2015	8530	1706
65.	148/24 196/24	कुचायकोट	566/23	कुचायकोट	साइकिल	-	-	-	.	.	132	27
66.	635/24 993/24	उत्पाद थाना	348/24	उत्पाद थाना	मोटरसाईकिल	BR05BC5284	MBLJAW152L9M0 0494	JA07ACL9M0043 2	संगीता देवी, पति– धुका पासवान, सा0– ढेकहा लक्ष्मण टोला, था0– मुफस्सिल मोतीहारी, जि0– पूर्वी चम्पारण	2023	26244	5249
67.	634/24 992/24	उत्पाद थाना	538/24	उत्पाद थाना	मोटरसाईकिल	BR28AA7679	MD634AE80N2G1 2566	AE8GN2512037	मधु देवी, पति–अभिषेक मिश्रा, सा0– दलेया अमवा नकछेद, था0–कुचायकोट, जि0– गोपालगंज	2022	39366	7874
68.	333 / 2025 346 / 25	उत्पाद थाना	23/25	बंजारी	मोटरसाईकिल	BR29AV-1689	MD637GE52N2K1 2246	GE5KN2911985	सुरज कुमार, पिता–लाल बहादुर सिह, सा0–श्रीनगर कोयलादेवा, पो0–कोयलादेवा, थाना–फुलवरिया, जिला–गोपालगंज	2022	39366	7874
69.	249 / 25 387 / 25	उत्पाद थाना	28/25	बंजारी	मोटरसाईकिल	BR29AF-6198	ME4JC58EDJT025 455	JC58ET7025466	यशपाल कुमार, पिता–ध्रुपदेव प्रसाद, सा0–सादिकपुर, पो0–पचरूखी, थाना–पचरूखी, जिला–सिवान।	2018	10498	2100
70.	941/24 1787/24	कुचायकोट	365/24	कुचायकोट	मोटरसाईकिल	BR28L-2933	ME4JC651EF7085 845	JC65E70129918	प्रतिमा कुमारी पिता–उगम राम, सा0–आलमपुर, पो0–मोहम्मदपुर, जिला–सिवान।	2015	9842	1969
71.	1079/23 1715/23	कुचायकोट	547/24	कुचायकोट	मोटरसाईकिल	BR28D-1651	MBLJA06EVBGA03 420	JA06EEBGA0378 3	श्रीराम कुशवाहा पिता–फीकिर कुशवाहा, सा0–खजुरी पुरब टोला, गोपालगंज।	2011	6561	1313
72.	111/25 2187/24	कुचायकोट	507/24	कुचायकोट	मोटरसाईकिल	BR05AW-6042	MD634AE84N2G1 4644	AE8GN2214244	सुगंधी देवी पति–देवलाल सहनी, सा0–पकडीया टोला कुबरा, पूर्वी चम्पारण।	2022	52488	10498
73.	1408/23	फुलवरियॉ	227/23	श्रीपुर ओ0पी0	Auto	BR06GC-0677	MA1LV2FYJG5D91 658	R6D2762212	सरफराज अहमद, पिता–ए0 गफार, सा0–मोह जुरन छपरा, मुजफ्फरपुर।	2016	19683	3937
74.	2031/23	श्रीपुर ओ0पी0	375/23	श्रीपुर ओ0पी0	Motor Cycle	BR28AB-5605	ME4JC85ELNG149 265	JC85EG2250265	विनोद राम, पिता–रामदयाल राम, सा0–बमनौली, बिजयीपुर, गोपालगंज।	2023	32805	6561
75.	2030/23	श्रीपुर ओ0पी0	352/23	श्रीपुर ओ0पी0	Motor Cycle	BR28F-2035	MD2A14AZXCPC7 2103	JBZPCC55247	एसरार, पिता–अबरे आलम, सा0–इन्द्रवॉ, एबैदुल्लाह, थावे, गोपालगंज।	2012	6561	1313
76.	1230/23	हथुआ	135/23	हथुआ	Motor Cycle	BR29G-6832	MD2DSPAZZTWA1 8907	JBMBTA39142	पवन कुमार सोनी, पिता– विखारी साह, सा0+पो0–लदही बाजार, गोरैयाकोठी, सिवान।	2010	7218	1444
77.	865/23	विजयीपुर	105/23	विजयीपुर	Motor Cycle	BR28G-0592	MD2A14AZXCPJ23 560	JBZPJ61508	सत्येन्द्र कुमार, पिता–सुदर्शन सिंह, सा0–गणेश डुमर, फुलवरिया, गोपालगंज।	2013	7218	1444
78.	868/23 1326/23	जादोपुर	174/23	जादोपुर	Motor Cycle	BR29V-4733	ME4JC651GF7163 275	JC65E70243775	औनिन्द कुमार, पिता–श्री शिवनाथ दुबे, सा0–टेघरा, चाम्प, पंचरुखी, सिवान।	2015	6561	1313
79.	1264/23 1996/23	जादोपुर	258/23	जादोपुर	Motor Cycle	BR28D-7434	MBLJA06ABCGD0 1257	JA06EHCGD0124 0	लालदेव प्रसाद, पिता–स्वo फुलेना प्रसाद, सा0–सलेहपुर, महम्मदपुर, गोपालगंज।	2012	7874	1575
80.	1315/23 2128/23	मांझागढ़	371/23	मांझागढ़	Motor Cycle	BR29K-2238	MBLJA06EUCGC00 200	JAA06EFCGC000 56	सन्नी कुमार, पिता–सुदामा प्रसाद, सा0–शुक्ला टोली ब्रह्म स्थाल, सिवा।	2012	5905	1181
81.	718/23 1079/23	नगर थाना	464/23	नगर थाना	Motor Cycle	BR05Q-2945	MBLJA06AME9L0 9517	JA06EJE9L09472	अनील खलिका पिता–अनुराग खलिफा, सा0–कोटवॉ, मोतिहारी।	2014	7874	1575
82.	311/24 507/24	उत्पाद थाना	56/24	बंजारी	Motor Cycle	BR28H-4208	MBLJA05EKD9H21 039	JA05ECD9H2115 2	श्री अमीत कुमार पाण्डेय पे0– मुरलीधर पाण्डेय, सा0– त्रिलोकहटा, पो0– लकड़ी दरगाह, थाना– बड़हरिया, जिला– सिवान	2013	7874	1575
83.	528/24 836/24	उत्पाद थाना	300/24	बंजारी	Motor Cycle	BR28F-2027	MD2A14AZ3CWC2 6621	JBZWCC10316	श्री श्रीराम मांझी पे0– लुटावन मांझी, सा0– गोसाई मांझा, थाना– फुलवरिया, जिला– गोपालगंज	2012	6561	1313
84.	1200/23 1928a/23	उत्पाद थाना	1046/23	बंजारी	Motor Cycle	BR29H-1142	ME4JC36CHA8078 779	JC36E2113084	श्री मुरली प्रसाद पे0– ओमनाथ प्रसाद, सा0– सोनारटोली, थाना– मीरगंज, जिला– गोपालगंज	2010	7218	1444
85.	934/23	मीरगंज	171/23	मीरगंज	MOTOR CYCLE	BR29H 3687	MBLJA06EYAG L01910	JA06EDAGL 01859	दीपक प्रसाद, पिता–बाबुराम प्रसाद, सा0–कुकुरभुंका, मीरगंज, गोपालगंज।	2011	5249	1050
86.	1195/23	फुलवरियॉ	226/23	फुलवरियॉ	MOTOR CYCLE	BR29G 8193	MD2DHDHZZTC B30925	DHGBTB19731	अमीरुल हक, पिता–अमीन, सा0–पकौली नारायण, गोपालगंज।	2010	5905	1181
87.	486/24	फुलवरियॉ	09/24	फुलवरियॉ	CAR	BR01BB 2780	MALAA51HLBM 641299B	G4HGBM209283	राखी कुमारी वर्मा, पति– अजेन्द्र प्रसाद वर्मा, सा0–बोस रोड़ दानापुर, पटना।	2011	52488	10498
88.	499/24	फुलवरियॉ	398/23	फुलवरियॉ	CAR	BR06AB 2017	MA6MFBD1CCT 004668	B10S1804016KC 2	सुधीर कुमार झा, पिता–उपेन्द्र झा, सा0–गौसी भारिस्थ, मुजफ्फरपुर।	2012	52488	10498
89.	1076/23	विशम्भरपुर	180/23	विशम्भरपुर	THREE WHEELER	BR28E 7393	600058328	A1F0504053	मंटू प्र0 पाण्डेय, पिता–अमर पाण्डेय, सा0–मुकेरी टोला, थावे, जिला–गोपालगंज।	2012	19683	3937
90.	1064/23	उत्पाद थाना	972/23	बलथरी चेकपोस्ट	Motor Cycle	BR29J-2378	MBLKC12EFBGG0 3617	KC12EDBGG053 00	जफर एकबाल, पिता–महबुब हुसैन, सा0–गौसी हाता, मीरगंज, सिवान।	2011	7218	1444
91.	1277/23	उत्पाद थाना	1120/23	बलथरी चेकपोस्ट	Motor Cycle	BR28U-5880	MD625GF12J1N02 404	LF1NJ1201218	बब्लु कुमार, पिता–हरेनाथ प्रसाद, सा0–पोखर भींडा, उचकागांव, जिला–गोपालगंज।	2019	11810	2362
92.	1069/23	उत्पाद थाना	950/23	बलथरी चेकपोस्ट	Motor Cycle	BR29N-4651	MB8NF4JAED8101 600	F4E6181584	प्रकाश कु0 सिंह, पिता–रंजीत बहादुर सिंह, सा0–शामपुर अंचल, सिवान।	2013	6561	1313
93.	1120/23	उत्पाद थाना	1039/23	बलथरी चेकपोस्ट	Motor Cycle	BR05L-1575	MBLJA06ACDGD0 2742	JA06EJDGD0333 6	अभिजीत कुमार, पिता–अंजनीकान्त प्रसाद, चन्दमाडी, मोतिहारी।	2013	7874	1575
94.	68/24 08/24	जादोपुर	265/23	जादोपुर	Motor Cycle	-	06C16C65467	-	–	–	1969 Scrap	394
95.	879/23	जादोपुर	162/23	जादोपुर	Boat	-	-	-	-	-	329	66
96.	943/23	फुलवरियॉ	147/23	फुलवरियॉ	Motor Cycle	BR04M-4613	MB8NF4JAKC8139 425	F4E6139406	शिलानाथ राय, पिता–लालजी राय, सा0–मडहौरा, सारण।	2013	4593	919
97.	112/ 2024	कटेया	511/23	कटेया	टाटा मैजिक	BR06GF-4325	MAT559007NZK2 6182	800CCDI04KXXS E2871	लव कुमार सहनी पिता– जयनारायण सहनी, सा0– मोहम्मदपुर खाजे प्रतापपुर, मुजफ्फरपुर।	2023	190269	38054
98.	1141/23	विशम्भरपुर	185/23	विशम्भरपुर	मोटरसाईकिल	BR28R-1311	MD625NF18B3D8 6039	OF10B1062966	मुकेश कुमार सिंह पिता–हरिकेश सिंह, सा0 लुवर बथुआ , थाना– फुलवरीया जिला–गोपालगंज	2017	7218	1444
99.	939/23	भोरे	219/23	भोरे	टेम्पू	BR29PA-1258	MBX0000WBTD07 2754	R5D2630530	रामकिशोर दीक्षित, पिता– भुनेश्वर दीक्षित, सा0– हुस्सेपुर, भोरे, गोपालगंज।	2016	24932	4987
100.	277/24	भोरे	15/ 24	भोरे	मोटर साईकिल	BR29Q-2776	MBLJC59ABDGM0 1206	JC59AADGM025 28	राकेश कुमार शर्मा, पिता– छोटेलाल शर्मा, सा0–मुरार पटी, नौतन सिवान।	2014	9842	1969
101.	644/24 1003/24	उत्पाद थाना	368/24	बंजारी	E-RICKSHAW	BR28ER-3358	MZTL1D01222007 344	M601000SNO.0 22L012177	प्रदीप कुमार पिता –देवनाथ सिंह, ग्राम–सिपाही काश, पो0 –पशुरामपुर, थाना–माझागढ़, जिला–गोपालगंज	2023	45927	9186
102.	612/24 965/24	उत्पाद थाना	535/24	बंजारी	Motor cycle	BR29AL-0646	MBLJAW105KGM 01198	JA06ERKGM009 46	सजिया खातुन पति– अबबुल्लाह सिदीकी ग्राम–उदयीबारी पे0–बाकरगंज थाना –हुसैनगंज जिला –सिवान	2020	18371	3675
103.	791/24 1268/24	उत्पाद थाना	529/24	बंजारी	Motor cycle	BR29N4163	MD2A14AZ2DPB6 3085	JBZPDB8784	कैलाश पति दुबे पिता–रामानन्दन दुबे, ग्राम–अटवा दुर्ग बैरिया भान थाना–हथुआ जिला –गोपालगंज	2013	5905	1181
104.	853/24 1539/24	उत्पाद थाना	547/24	बंजारी	Motor Cycle	BR28G7795	MD2A57BZ9ERM7 0325	PAZREM14874	कमलेश कुमार जीतू मांझी छनावे लछवार थवे गोपालगंज।	2014	8530	1706
105.	865/24 1608/24	उत्पाद थाना	690/24	बंजारी	Motor Cycle	BR01EG1599	ME4JC73ABKT011 647	JC73ET2253225	सुदामा कुमार पिता ओम प्रकाश दास हब्बीपुर डुमरी पटरा।	2019	13779	2756
106.	867/24 1610/24	उत्पाद थाना	695/24	बंजारी	Motor Cycle	BR28L4186	MD2A57AZ9FRA7 4269	PAZREM17388	महमद जावेद आलम पिता महमद जावेद आलम घर पो0 बथुआ बाजार थाना फुलवरिया गोपालगंज।	2015	10498	2100
107.	750/24 1192/24	उत्पाद थाना	639/24	बंजारी	Motor Cycle	BR28M5063	MD625CF16F3B51 942	CF1BF1215380	रामजान अली पिता –अमलुदीन अहमद ग्राम–कोहीनीपस मांझा जिला– गोपालगंज	2015	7874	1575
108.	864/23	माझागढ	92/ 22	माझागढ	Motor cycle	BR28D3669	MBLHA10EWBGF4 8939	HA10EDBGF050 53	मो0 अरमान पिता हाजरात अली ग्राम वेस्ट थाना रोड मिरगंज गोपालगंज।	2011	6561	1313
109.	701/24 1121/24	उत्पाद थाना	497/24	बलथरी	Sumo	BR01PD-1446	MAT446502C9A0 0395	497SPTC43AXY6 00518	अलोक कु0 तिवारी पिता–बैनिमाधो तिवारी सा0–मैनपुरा, गोपालगंज।	2012	98415	19683
110.	844/24 1517/24	उत्पाद थाना	540/24	बलथरी	Motor Cycle	BR05AV-8923	MBLJAW172NGF1 0593	JA07ABNGF1103 5	रौनक राज, पिता–सुजीत कु0 वर्मा, सा0–पटौरा, मोतिहारी, पूर्वी चम्पारण।	2022	24932	4987
111.	25/24 1098/24	महम्मदपुर	130/24	महम्मदपुर	Tempu	BR01PQ-3019	MBX0009VF2D28 4711	TBP0SD2300920 9	झान्नु कुमार पिता–रामकृत सिह, सा0–जमालपुर, पटना।	2023	91854	18371
112.	742/24 1181/24	कुचायकोट	299/24	कुचायकोट	Motor Cycle	BR28E-5958	MD2DSJZZZUPK69 342	JZUBUK89698	विरेन्द्र चौबे, पिता–स्व0 बाबुनन्द चौबे, सा0–बधौच हरि, कुचायकोट, गोपालगंज।	2012	6561	1313
113.	463/24 724/24	विशम्भरपुर	43/24	विशम्भरपुर	Cycle	NA	NA	NA	–	–	99	20
114.	461/24 721/24	विशम्भरपुर	43/24	विशम्भरपुर	Cycle	NA	NA	NA	–	–	66	20
115.	149 / 2025 129 / 25	उत्पाद थाना	08/25	बंजारी मालखाना	मोटरसाईकिल	BR28AG-4714	MBLHAW214RHG 11644	HA11P7RHG261 57	लक्ष्मण कुमार गुप्ता पिता– रामायण गुप्ता, सा0– निमुईया, पो0– छितौना, थाना– कटेया, जिला– गोपालगंज ।	2025	45271	9055
116.	231/25	उत्पाद थाना	56/25	बंजारी मालखाना	टी0भी0एस0 जुपिटर स्कुटी	BR28W-4280	MD626EG48K3H9 9410	EG4HK3501735	दुर्गेश कुमार पिता– अनरजीत मुशहर, सा0– अहिरौली पो0– पंचदेवरी, थाना– पंचदेवरी, जिला– गोपालगंज	2019	13779	2756
117.	790/24	उत्पाद थाना	568/24	बंजारी मालखाना	मोटरसाईकिल	BR22PE-8366 (FIR) BR22Y-3175 (DTO)	MBLJA06AMG9D1 8200	JA06EJG9D1788 0	संजय कुमार पिता– जगदीश प्रसाद, सा0– अहिरानी टोला, पो0– बगहॉ, थाना– बगहॉ–1, जिला– पश्चिम चम्पारण	2016	10498	2100

PTO

गृद्धकूट व विश्वशांति स्तूप जाने वालों पानी की बोतल पर पाबंदी नहीं

बोतल ले जाने के लिए पहले लेना पड़ेगा टोकन और वापस करने पर लौटेगी जमा राशि

राजगीर (नालंदा) (आससे)। ऐतिहासिक गृद्धकूट पर्वत और विश्वशांति स्तूप की सैर करने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों के लिए एकल उपयोग प्लास्टिक पर लागू प्रतिबंध को लेकर फैल रही भ्रांतियों पर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने स्थिति स्पष्ट की है। विभाग ने साफ किया है कि पहाड़ी पर पानी की बोतल ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध नहीं है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से एकल उपयोग प्लास्टिक की बोतलों के लिए वापसी योग्य सुरक्षा राशि की व्यवस्था की गयी है। वेणु वन क्षेत्र के रेंजर श्याम कुमार पांडेय ने बैठक में उपस्थित राजगीर के प्रबुद्ध लोगों से उन्होंने कहा कि पर्यटक 50 रुपये जमा कर ऐसी बोतल अपने साथ ले जा सकते हैं और वापसी के समय बोतल लौटाने पर पूरी राशि वापस मिल जायेगी। वहीं पुन: इस्तेमाल की जा सकने वाली पानी की बोतलों पर कोई प्रतिबंध नहीं है।

अधिकारियों ने 11 नवंबर को विश्वशांति स्तूप और गृद्धकूट पैदल मार्ग पर शैक्षणिक भ्रमण के दौरान एक छात्रा के बेहोश होने की घटना को प्लास्टिक प्रतिबंध से जोड़कर सोशल मीडिया पर किये जा रहे प्रचार को वन विभाग ने भ्रामक और तथ्यहीन बताया है। वन विभाग की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार संबंधित छात्रा सुबह नाश्ता किये बिना भ्रमण पर पहुंची थी। इसके कारण शरीर में रक्त में शर्करा का स्तर कम होने से वह बेहोश हो गयी थी। उसे तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के बाद उसकी स्थिति सामान्य हो गयी। समूह प्रभारी ने भी स्पष्ट किया कि भ्रमण दल के विद्यार्थियों के पास पानी की बोतलें उपलब्ध थी। ऐसे में घटना को प्लास्टिक प्रतिबंध से जोड़ना वास्तविक तथ्यों से परे है।

बड़े समूहों के लिए एकमुश्त जमा होगी राशि: रेंजर श्याम पांडेय ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण पर आने वाले विद्यालयों और बड़े पर्यटक समूहों को टोकन लेने में होने वाली परेशानी दूर करने के लिए वन विभाग ने व्यवस्था में थोड़ा बदलाव किया है। अब प्रत्येक बोतल के लिए अलग-अलग सुरक्षित राशि जमा कराने के बजाय समूह प्रभारी से एकमुश्त राशि ली जायेगी। 12 नवंबर को वनों के क्षेत्र पदाधिकारी की अध्यक्षता में हितधारकों के साथ हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया है। इससे विद्यार्थियों और पर्यटकों को लंबी कतारों में खड़े होकर टोकन लेने से राहत मिलेगी। साथ ही बोतलों की वापसी और निगरानी की प्रक्रिया भी आसान होगी।

पहाड़ी पर आरओ पेयजल की है व्यवस्था: पर्यटकों को पेयजल की परेशानी न हो, इसके लिए पहाड़ी की तलहटी में वन विभाग तथा विश्वशांति स्तूप परिसर में पर्यटन विभाग की ओर से आरओ आधारित पेयजल केंद्र संचालित किये जा रहे हैं। इसके अलावा पैदल मार्ग पर भी लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) के सहयोग से पर्यटन विभाग अतिरिक्त आरओ पेयजल केंद्र स्थापित करने की व्यवस्था कर रहा है। प्रवेश द्वार पर उद्घोषणा और सूचना पट्टों के माध्यम से पर्यटकों को पर्याप्त पानी साथ रखने की सलाह दी जा रही है।

बिना समूह पर्यटक के लिए 20 रुपये का टोकन: वन विभाग की विज्ञप्ति के अनुसार विद्यालयों, शैक्षणिक भ्रमण दलों और पर्यटकों के समूह के लिए 50 रुपये तथा व्यक्तिगत रूप से भ्रमण पर आने वाले पर्यटकों के लिए 20 रुपये का टोकन निर्धारित किया गया है। बड़े समूहों के मामले में समूह प्रभारी से एकमुश्त सुरक्षा राशि जमा कराने की व्यवस्था रहेगी। वन विभाग ने विद्यालय प्रबंधन, भ्रमण दलों के प्रभारियों और पर्यटकों से अपील की है कि पहाड़ी पर जाने से पहले बच्चों के भोजन, नाश्ते और पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करें। विभाग का कहना है कि प्लास्टिक नियंत्रण का उद्देश्य पर्यटकों की सुविधा छीनना नहीं, बल्कि राजगीर की प्राकृतिक संपदा और ऐतिहासिक धरोहरों को प्लास्टिक प्रदूषण से बचाना है। पर्यटकों से इस व्यवस्था में सहयोग कर गृद्धकूट और विश्वशांति स्तूप की स्वच्छता एवं गरिमा बनाये रखने की अपील की गयी है।

जमीनी विवाद में दो गुटों के बीच हुई मारपीट में चार जख्मी

शेखपुरा (आससे) । हथियावां थाना क्षेत्र के मंदना गांव में जमीन बंटवारे को लेकर चल रहे विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस घटना में एक ही परिवार के चार लोग जख्मी हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए शेखपुरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों की पहचान रोशन कुमार, प्रिया कुमारी, शोभा कुमारी और प्रभात कुमार के रूप में की गई है। चारों आपस में भाई-बहन बताए जाते हैं। घटना के संबंध में घायलों ने गांव के ही मनोज साव, मंजू साव, पूजा देवी सहित अन्य लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। मिली जानकारी के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच घर के बंटवारे और जमीन को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था। इसी विवाद को लेकर कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। घटना में चारों भाई-बहन जख्मी हो गए। इसके बाद परिजनों की मदद से सभी को सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

गली से ट्रैक्टर ले जाने के विवाद में जमकर मारपीट

शेखपुरा (आससे) । गली से ट्रैक्टर ले जाने के दौरान रास्ते में बंधे मवेशी को हटाने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस घटना में एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घायल युवक को इलाज के लिए शेखपुरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना जीयन बीघा गांव में घटित हुई। घायल की पहचान गांव निवासी रामाश्रय पासवान के पुत्र टुनटुन पासवान के रूप में की गई है। घटना के संबंध में घायल टुनटुन पासवान ने बताया कि वह अपने घर के सभी ट्रैक्टरों को लगाने के लिए गली से गुजर रहे थे। इसी दौरान रास्ते में पड़ोसियों के मवेशी बंधे हुए थे। उन्होंने मवेशियों को रास्ते से हटाने के लिए कहा, जिस पर पड़ोसियों के साथ विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते विवाद गाली-गलौज और मारपीट में बदल गया। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने धारदार तलवार से हमला कर उन्हें जख्मी कर दिया। इस मामले में घायल ने रामानु पासवान, दुलार पासवान, शंभू पासवान सहित कई लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। हमले में टुनटुन पासवान के सिर में गंभीर चोट आई है। फिलहाल सदर अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है।

खरीफ विपणन मौसम के तहत धान अधिप्राप्ति के लिए 179 पैक्स और व्यापार मंडलों का हुआ चयन

बिहारशरीफ। जिला मुख्यालय स्थित सभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी श्रीमती उदिता सिंह की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स (अधिप्राप्ति) की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर विचार विमर्श के बाद टास्क फोर्स ने धान क्रय के लिए कुल 179 समितियों, जिनमें पैक्स और व्यापार मंडल शामिल हैं, का चयन किया। जिलाधिकारी ने जिला सहकारिता पदाधिकारी और केन्द्रीय सहकारी बैंक, बिहारशरीफ के प्रबंध निदेशक (एमडी) को यह कड़ा निर्देश दिया कि चयनित समितियों को तत्काल एक-एक लॉट धान का लक्ष्य उपलब्ध कराया जाए और उसी के अनुरूप नियमानुसार सीसी (कैश क्रेडिट) की सुविधा भी सुनिश्चित की जाए। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि खरीफ विपणन मौसम 2026-27 के तहत धान अधिप्राप्ति का यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम आगामी 15 नवंबर 2026 से शुरू होने जा रहा है। इस वर्ष धान की खरीद के लिए नालंदा जिले को कुल 1,56,870 मीट्रिक टन (एमटी) का लक्ष्य आवंटित किया गया है। इस बार न्यूनतम समर्थन मूल्य भी तय कर दिया गया है, जिसके तहत साधारण धान का समर्थन मूल्य 2,441 रुपये प्रति क्विंटल और ग्रेड-। धान का समर्थन मूल्य 2,461 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

कच्ची दरगाह गंगा सेतु का नामकरण 'नीतीश सेतु' करने पर श्रवण कुमार ने जताई प्रसन्नता

बिहारशरीफ। बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग तथा सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने कच्ची दरगाह-राघोपुर-बिदुपुर छह लेन गंगा महासेतु का नामकरण बिहार के विकास के विश्वकर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार के नाम पर 'नीतीश सेतु' किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरीजी के प्रति हार्दिक आभार एवं धन्यवाद प्रकट किया है। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि 'नीतीश सेतु' का नामकरण नीतीश कुमार जी के दूरदर्शी नेतृत्व, विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और बिहार के नवनिर्माण में उनके ऐतिहासिक योगदान का सम्मान है। यह महासेतु एनडीए गठबंधन की विकासवादी सोच, मजबूत इच्छाशक्ति और सुशासन के साथ विकास के संकल्प का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि लगभग 9.76 किलोमीटर लंबा मुख्य पुल एप्रोच रोड सहित करीब 19.76 किलोमीटर की परियोजना का हिस्सा है, जिसका निर्माण लगभग पांच हजार करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। यह महासेतु उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच संपर्क को नई मजबूती प्रदान करेगा।